बीईएमएल मीडिया रिलीस

बीईएमएल ने बागवानी पुरस्कार जीता

बीईएमएल लिमिटेड, जो रक्षा मंत्रालय के अधीन मिनी रत्न – I श्रेणी की भारत सरकार का उपक्रम है, ने बागवानी विभाग, कर्नाटक सरकार और मैसूर बागवानी सोसायटी, लालबाग, बेंगलूर द्वारा आयोजित गणतंत्र दिवस बागवानी प्रदर्शनी 2019 में सबसे अधिक पुरस्कार प्राप्त किया।

बेंगलूर के लालबाग में सम्पन्न समारोह में, बीईएमएल को उद्यान प्रतियोगिताओं में कुल 73 प्रथम पुरस्कार मिले। इसके अलावा, बीईएमएल सौधा, बीईएमएल परिसर, बीईएमएल बेंगलूर, केजीएफ़ और मैसूर कॉम्प्लेक्स में बेहतर रूप में सुसज्जित सजावटी उद्यानों के लिए 05 विशेष स्मृति चिन्ह और 21 कप प्रदान किए गए।

श्री केवी रामकृष्णप्पा, प्रमुख बागवानी विभाग, बीईएमएल, पुरस्कार प्राप्त करते हुए

पर्यावरण की सुरक्षा पर जोर देने के साथ अपने सभी परिवेश में हरियाली बनाए रखने के लिए बीईएमएल प्रतिबद्ध है।

25.01.2019

बेंगलूर